# मुख्यालय उत्तर प्रदेश पुलिस तकनीकी सेवायें

चतुर्थ तल, जवाहर भवन, अशोक मार्ग, लखनऊ–226001

पत्र संख्याः टीएस–सीसीटीएनएस–81/2012(II) दिनांकःलखनऊःजून 12 ,2014

सेवा में,

**समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक,**
**उत्तर प्रदेश।**

विषयः–सीसीटीएनएस योजना के अन्तर्गत थानों को प्राप्त होने वाले 5 के0वी0ए0 किर्लोस्कर जेनरेटर सेट के फाउन्ड़ेशन कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता पर पूर्ण कराया जाना।

संदर्भः– समांक पत्र दिनांकित 10.6.2013 17.7.2013, 23.7.2013 12.08.2013 7.1.2014, 24.2.2014, 10.3.2014, 20.3.2014, 26.3.2014, 25.03.2014, 22.5.2014, 26.05.2014
पुलिस अधीक्षक, भवन/कल्याण नि0 अपर पुलिस महानिदेशक, भवन/कल्याण उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय इलाहाबाद के पत्रांक ग्यारह–02–2014 दिनांक 18.04.2014

---

जैसा कि आप अवगत है कि सीसीटीएनएस योजना के अन्तर्गत थानों को प्राप्त होने वाले 5 के0वी0ए0 किर्लोस्कर ज़ेनरेटर सेट की डिलीवरी आपके थानों के लिए प्रारम्भ की जा चुकी है अथवा निकट भविष्य में प्रस्तावित है, चूँकि जेनरेटर का इन्सटालेशन भी आपके थानों पर होना है अतः कुछ प्रीकन्डीशन जनपद स्तर से पूर्व से ही तय कर लेना उचित होगा। सिविल वर्क, फाउन्डेशन, का कार्य सिस्टम इन्ट्रीग्रेटर (एस0आई0) मेमर्स एन0आई0आई0टी0 टेक्नालॉजी लिमिटेड के स्कोप से बाहर है अतः फाउन्डेशन आदि बनाने का कार्य जनपद स्तर से किया जाने हेतु फाउन्डेशन ले–आउट आपको उपलब्ध कराया जा चुका है का अनुपालन किया जाना है। जिसके सम्बन्ध में इस मुख्यालय के उक्त सन्दर्भ द्वारा पूर्व से ही निर्देश दिये जा चुके है। (संलग्नक–फाउन्डेशन ले–आउट)

2. प्रश्नगत प्रकरण में जनपद आगरा इलाहाबाद औरैया बॉदा बस्ती चन्दौली इटावा फिरोजाबाद जालौन झॉसी कौशाम्बी ललितपुर मथुरा मीरजापुर संत कबीर नगर वाराणसी बहराइच्च बलरामपुर एटा हाथरस कन्नौज खीरी मैनपुरी सीलापुर को 5 के0वी0ए0 किर्लोस्कर जेनरेटर सेट डिलीवर किये जा चुके हैं लेकिन जनपदें में फाउन्डेशन तैयार नहीं होने के कारण जनपद के सीसीटीएनएस खातों में डीजल जेनरेटर के फाउण्डेशन तैयार कराने हेतु धनराशि प्रति थाना रूपया 10,000–00 दस हजार मात्र निर्धारित कर आवंटित की गयी है।

3. प्रश्नगत प्रकरण में जनपद अलीगढ़ बागपत बरेली बिजनौर बुलन्दशहर फतेहगढ़ फतेहपुर गोण्डा हरदोई अमरोहा कानपुर देहात कासगंज मेरठ पीलीभीत प्रतापगढ़ रामपुर सहारनपुर सन्त कबीर नगर उन्नाव से सम्बन्धित 5 के0वी0ए0 किर्लोस्कर ज़ेनरेटर सेट के फाउन्डेशन की स्थिति निम्न प्रारूप में उपलब्ध करायी जाय।

| जनपद का नाम | जनपद में थानों की संख्या | उन थानों की संख्या जितने मे जेनरेटर सेट के फाउन्डेशन तैयार हैं | उन थानों की संख्या जितने मे जेनरेटर सेट के फाउन्डेशन तैयार नहीं हैं | जेनरेटर सेट के फाउन्डेशन तैयार न होने का करण | अन्य टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |

4. प्रश्नगत प्रकरण में जनपद बदायूँ सम्भल अमेठी गौतमबुद्वनगर गाजियाबाद गाजीपुर हमीरपुर हापुड़ लखनऊ महोबा मुरादाबाद मुजफ्फरनगर रायबरेली शामली श्रावस्ती सिद्वार्थनगर सोनभद्र सन्त रविदास नगर सुल्तानुपर में थानों की स्थिति निम्न प्रारूप में उपलब्ध करायी जाय।

| जनपद का नाम | दिनांक 31.03. 2011 के तक थानों की संख्या | दिनांक 31.03. 2011 के पश्चात नव सृजित थानो की संख्या | कुल थानों की संख्या | दिनांक 31.03. 2011 के पश्चात आपके जनपद से स्थानान्तरित थाने की संख्या | दिनांक 31.03. 2011 के पश्चात आपके जनपद में सम्मिलत हुए थानों की संख्या | अन्य टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |

5. प्रस्तर 02 के सम्बन्ध में अपेक्षित कार्यवाही पूर्ण किये जाने एवं 03 व 04 द्वारा अपेक्षित सूचना जिनके स्तर से अभी तक न प्रेषित की जा सकी हो कृपया सूचना सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराने की कृपा करें तथा निम्न निर्देश का कढ़ाई से अनुपालन कराने का कष्ट करें:-

- फाउन्डेशन का कार्य डिलीवरी से पूर्व पूर्ण करा लिया जाय क्योंकि इसी दशा में 5 के0वी0ए0 किर्लोस्कर डीजल जेनरेटर सेट सीधे फाउन्डेशन पर ही कम्पनी के प्रतिनिधि द्वारा डिलीवर किया जायेगा।
- डिलीवरी के समय फाउन्डेशन नहीं बना होना पाया जायेगा तो 5 के0वी0ए0 किर्लोस्कर डीजल जेनरेटर सेट की डिलीवरी थाने में कर दी जायेगी
- फाउन्डेशन बनाने के उपरान्त फाउन्डेशन 5 के0वी0ए0 किर्लोस्कर डीजल जेनरेटर सेट को फाउन्डेशन पर चढ़ाने का कार्य थाने स्तर से ही सम्पन्न कराना होगा, इसके लिये सिस्टम इन्ट्रीग्रेटर (एस0आई0) मेमर्स एन0आई0आई0टी0 टेक्नालॉजी लिमिटेड जिम्मेदार नहीं होंगे।
- 5 के0वी0ए0 किर्लोस्कर डीजल जेनरेटर सेट की टेस्टिंग हेतु प्रत्येक थाने को अपने स्तर से ही लगभग 15 लीटर डीजल की व्यवस्था करनी होगी।

6. अतः उक्त परिप्रेक्ष्य में सम्बन्धित जनपदों से यह अनुरोध है कि इस मुख्यालय से प्रदान किये गये बजट से 5 के0वी0ए0 किर्लोस्कर जेनरेटर सेट के फाउन्डेशन कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता पर पूर्ण कराया जाय तथा पुलिस अधीक्षक, भवन/कल्याण नि0 अपर पुलिस महानिदेशक, भवन/कल्याण उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय इलाहाबाद के पत्रांक ग्यारह-02-2014 दिनांक 18.04.2014 द्वारा जनपदों में बजट मद 42-अन्य व्यय में उपलब्ध कराये गयी धनराशि जनपद में नियमानुसार सृदृढ़ीकरण हेतु यथा शेड इत्यादि का व्यय नियमानुसार / आदेशानुसार कर लिया जाय।


(नेहा पाण्डेय) 12/6

पुलिस अधीक्षक

तकनीकी सेवायें, उ0प्र0,लखनऊ।

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1.पुलिस महानिरीक्षक तकनीकी सेवायें उ0प्र0, लखनऊ।
2.श्री जफर रिजवी, प्रोजेक्ट डायरेक्टर, सिस्टम इन्ट्रीग्रेटर (एस0आई0) मेमर्स एन0आई0आई0टी0 टेक्नालॉजी लिमिटेड, लखनऊ।
3.प्रोजेक्ट मैनेजर, SPMU (Ernst & Young) कैम्प-लखनऊ
4.प्रभारी कन्ट्रोल रूम, सीसीटीएनएस, मुख्यालय उ0प्र0पुलिस तकनीकी सेवायें को वॉछित सूचना प्राप्त होने तक अग्रेतर कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।
5.ऑकिक उत्तर प्रदेश पुलिस कम्प्यूटर केन्द्र, जवाहर भवन, लखनऊ को सूचनार्थ।
6.प्रभारी वेबसाइट को अपलोड किये जाने हेतु।


ALL DIMENSION ARE IN MM
PROJECT
CLIENT
INDUSTRIAL EQUIPMENTS COMPANY
FOUNDATION DRAWING FOR 5KVA D.G SETS
GROUND LEVEL
CONCRETE
SAND FILLING
D.G SET
SCALE
DATE
DRAWING NO.
NAME
DATE